छत्तीसगढ़ के ऑनलाइन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

16 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ सरकार की ऑनलाइन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम '**आभार आपकी सेवाओं का**' को सरकारी सेवा वितरण के लिये 'ई-गवर्नेंस इनिशिएटिव फॉर गवर्नमेंट सर्विस डिलीवरी' श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर '**एलेट्स इनोवेशन अवॉर्ड**' (Elets Innovation Award) से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- एलेट्स टेक्नोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक, सीईओ और प्रधान संपादक डी. रवि गुप्ता ने नई दिल्ली में एक वर्चुअल समारोह में छत्तीसगढ़ के ट्रेजरी अकाउंट्स एंड पेंशन के निदेशक नीलकंठ टीकाम को यह अवॉर्ड प्रदान किया।
- उल्लेखनीय है कि राज्य के पेंशनरों के पेंशन मामलों के त्वरित निराकरण के लिये मई 2018 से राज्य में 'आभार आपकी सेवाओं का **ऑनलाइन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम लागू** किया गया था।
- यह एक **एकल खिड़की प्रणाली** (सिंगल विंडो सिस्टम) के रूप में **ई-गवर्नेंस** की अवधारणा के अंतर्गत पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।
- इस व्यवस्था के लागू होने के फलस्वरूप प्रथम पेंशन भुगतान हेतु पेंशनरों की भौतिक उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।
- इस व्यवस्था के अंतर्गत पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज़ (सर्विस बुक को छोड़कर) ऑनलाइन जमा किये जाते हैं और संबंधित अधिकारियों द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होते हैं। बैंकों को पेंशन के भुगतान के लिये सभी दस्तावेज़ भी कोषागारों द्वारा ऑनलाइन बैंक को भेजे जाते हैं।
- पेंशनभोगी पेंशन विवरण की स्थिति जानने के लिये पोर्टल पर लॉग इन कर सकता है और यहाँ तक कि ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करा सकता है।
- साथ ही पेंशनर हेतु **ई-कोष लाईट ऐप** के पेंशनर कॉर्नर में पेंशनभोगियों को जारी किये गए पहचान-पत्र की **डिजिटल कॉपी डाउनलोड करने की सुविधा** है।
- इस प्रणाली से अब तक कुल 27,231 पेंशनभोगी लाभान्वित हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-award-for-online-pension-management-system-of-chhattisgarh